इंडिया फूडेक्स में भाग लेगा निफ्टम : डा.अजीत

जागरण संवाददाता, कुंडली : राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टम) के कुलपति डा. अजीत कुमार ने कहा कि

कुलपति डॉ. अजीत कुमार।

निफ्टम संस्थान इंडिया फूडेक्स-2015 कार्यक्रम में हिस्सा लेगा। निफ्टम का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक खाने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है, जिससे देश को अलग पहचान मिल सके। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर विश्व में अलग पहचान बनाई जा सके।

वह मंगलवार को निफ्टम संस्थान में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत निफ्टम 21 अगस्त से 23 अगस्त तक बैंगलूरू में आयोजित होने वाले इंडिया फूडेक्स-2015 कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएगा। उन्होंने कहा कि बैंगलूरू में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी सेंटर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान मेक इन इंडिया सम्मेलन व एचआर कॉनक्लेव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने पारंपरिक खाने के लिए जाना जाता है, लेकिन यह असंगठित क्षेत्र है। अभी भी पारंपरिक खाना क्षेत्र विशेष तक ही सीमित होकर रह गया है। जिसे अब विश्व भर में लोगों तक पहुंचाया जाएगा। निफ्टम का मुख्य उद्देश्य राज्यों के पारंपरिक खाने को अंतरराष्ट्रीय पटल पर लोगों तक पहुंचाकर नई पहचान दिलवाना है। डा. अजीत कुमार ने कहा कि मानव संसाधन विकास मानव शक्ति की कार्यकुशलता को बढ़ाने एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानव संसाधन विकास का कार्य किसी वस्तु को सही समय में सही स्थान पर सही व्यक्ति को उपलब्ध कराना है, जिससे उत्पादन लागत के साथ-साथ मानव शक्ति अनुप्रयोग कम हो।